दैनिक
# क्यूँ न लिखूँ सच
प्रातः कालीन
राष्ट्रीय हिंदी अंग्रजी समाचार पत्र
मुरादाबाद से प्रकाशित
RNI NO.- 05086/21
वर्ष :- 02 अंक :- 196 मुरादाबाद 13 November 2022 (Sunday) पृष्ठ :- 06 मूल्य : 3.00 रुपये
प्रसारित क्षेत्र-बरेली, पीलीभीत, बदायूं, कासगंज, एटा, अलीगढ, संभल, श्रावस्ती, लखनऊ

## तेलंगाना में पीएम मोदी का विपक्ष पर करारा हमला, बोले- गाली देने वालों को लेने के देने पड़ जाएंगे



पीएम मोदी ने शनिवार को तेलंगाना के बेगमपेट के रामागुंडम में रामागुंडम फर्टिलाइजर्स एंड केमिकल्स लिमिटेड संयंत्र राष्ट्र को समर्पित किया। इस दौरान उन्होंने लोगों को संबोधित भी किया। बता दें कि तेलंगाना से पहले उन्होंने आंध्र प्रदेश में हजारों करोड़ों रुपये की कई परियोजनाओं की सौगात दी। पीएम ने यहां लोगों को संबोधित भी किया। मोदी ने कहा मुझे अफसोस है कि तेलंगाना के नाम पर जो लोग फले-फूले, आगे बढ़े, सत्ता पाई, वह खुद तो आगे बढ़ गए, लेकिन तेलंगाना को पीछे ढकेल दिया। तेलंगाना का जो सामर्थ्य है, तेलंगाना के लोगों की जो प्रतिभा है, उसके साथ यहां की सरकार और नेता लगातार नाइंसाफी करते रहते हैं।

### सरकार का अंधविश्वास को समर्थन

मोदी ने कहा कि यह शहर सूचना और प्रौद्योगिकी का किला है। जब मैं यह देखता हूं कि आधुनिक शहर में अंधविश्वास को बढ़ावा दिया जा रहा है तो बहुत दुख होता है। ऐसा लगता है कि यहां कि सरकार ने अंधविश्वास को समर्थन दिया हुआ है। यहां तेलंगाना में अंधविश्वास के नाम पर क्या-क्या हो रहा है, यह देश के लोगों को जानना चाहिए। अगर तेलंगाना का विकास करना है, उसे पिछड़े पनसे निकालना है, तो उसे सबसे पहले यहां के हर तरह के अंधविश्वास को दूर करना होगा।

### सूरज उगेगा, कमल खिलेगा

मोदी ने कहा कि भाजपा के मेहनती कार्यकर्ताओं के कारण अब अंधेरा छंटने लगा है। यह हाल के चुनावों के नतीजों से स्पष्ट है कि सूरज निकलेगा और तेलंगाना में कमल खिलेगा। 1984 में जब हमारी पार्टी ने चुनावों में केवल दो सीटें जीतीं, उनमें से एक तेलंगाना की हनमकोंडा सीट थी। ये तेलंगाना के भाजपा कार्यकर्ताओं की मेहनत का ही नतीजा है कि आज लोकसभा में हमारे 300 से ज्यादा सांसद हैं।

### तेलंगाना में भाजपा सरकार चाहते हैं लोग


तेलंगाना के लोग एक ऐसी भाजपा सरकार चाहते हैं जो सिर्फ एक परिवार के लिए नहीं बल्कि हर परिवार के लिए काम करे। मैं तेलंगाना के लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि गरीबों को लूटने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कार्रवाई से बचने के लिए कुछ लोग गिरोह बनाकर भ्रष्टों का गठबंधन बनाने की कोशिश कर रहे हैं। हालांकि तेलंगाना और देश की जनता इस पर पैनी नजर रखे हुए है।

## डेंगू की रोकथाम के लिए एक्शन में योगी सरकार, हर जिले में बनेंगे डेडिकेटेड हॉस्पिटल, घर-घर स्क्रीनिंग



उत्तर प्रदेश में लगातार बढ़ रहे डेंगू के मामलों के बीच शनिवार को सीएम योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में डेंगू के बढ़ते मामलों के बीच हाई लेवल मीटिंग हुई। इस दौरान सीएम योगी ने आदेश दिया है कि डेंगू की रोकथाम के लिए हर जिले मे डेडिकेटेड अस्पताल तय होंगे। वहीं घर-घर स्क्रीनिंग की जाएगी। गौरतलब है कि पिछले कुछ सप्ताह के बीच डेंगू के मामलों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। सीएम ने बैठक में कहा कि इनकी बेहतर स्क्रीनिंग के लिए सर्विलांस को बेहतर करने की आवश्यकता है। बैठक में फैसला किया गया कि स्क्रीनिंग के लिए आशा बहनों का सहयोग लिया जाएगा। इसके अलावा सीएम ने आदेश दिया कि लक्षणयुक्त मरीजों की पहचान कराते हुए उनके समुचित इलाज की व्यवस्था कराई जाए। डेडिकेटेड कोविड हॉस्पिटल की भांति डेडिकेटेड डेंगू अस्पताल एक्टिव किये जाएं। कम से कम हर जिले में एक ऐसा डेडिकेटेड अस्पताल जरूर शुरू हो जहां यहां चिकित्सकों और स्वास्थ्यकर्मियों की उपलब्धता हो, जांच की सुविधा हो, उपचार की पर्याप्त व्यवस्था हो। इसे आइसीसीसी से भी जोड़ा जाना चाहिए। इसके अलावा सीएम ने कहा है कि सभी मंत्री जनता के बीच रहें और सुनिश्चित करें कि हर जरूरतमंद मरीज को अस्पताल में बेड मिले। उसकी जांच हो और समय पर इलाज मिले। सीएम योगी ने कहा कि हमारे सभी मेडिकल कॉलेजों सहित जिला अस्पताल, पीएचसी, सीएचसी व अन्य उच्च स्तरीय संस्थान साधन संपन्न हैं। इसका लाभ लोगों को मिलना चाहिए। स्वास्थ्य सेवा अथवा सुरक्षा में तैनात कार्मिकों से मरीजों के तीमारदारों के साथ सहयोगपूर्ण व्यवहार बनाने की अपेक्षा है। स्वास्थ्य विभाग, नगर विकास, पंचायती राज और सूचना विभाग व्यापक जागरूकता कार्यक्रम चलाएं। डेंगू के कारण, लक्षण, बचाव आदि के बारे में लोगों को सही जानकारी दी जाए। अखबारों में जागरूकता परक विज्ञापन, दीवार पेंटिंग, पब्लिक एड्रेस सिस्टम आदि के माध्यम से इस बीमारी के कारण प्रभाव और उपचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी जाए।

## सोशल मीडिया चुनौती, तकनीक फायदेमंद; परेशानी बताकर सुझाव भी दे गए CJI डीवाई चंद्रचूड़



भारत के मुख्य न्यायाधीश शनिवार को एक प्रेस के प्रोग्राम में शामिल हुए। इस दौरान उन्होंने न्यायपालिका के सामने आने वाली चुनौतियों के बारे में बात की और खासतौर से सोशल मीडिया का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि तकनीक न्यायाधीशों के काम करने के पारंपरिक तरीकों को भी बदल सकती हैं।

### तकनीक बदलेगी जजों का तरीका?

समिट के दौरान सीजेआई चंद्रचूड़ ने अदालतों में तकनीक के फायदे भी बताए। उन्होंने कहा, %जजों के तौर पर हमारे काम करने के पारंपरिक तरीकों में बदलाव के लिए तकनीक में काफी संभावनाएं हैं। कोर्ट की इमारतें वादियों के मन में खौफ पैदा करती हैं... यह औपनिवेशक डिजाइन का दिमाग था...। समान रूप से हम नागरिकों को सेवा देने वाले हैं। उन्होंने भारत में इंटरनेट के इस्तेमाल का भी जिक्र किया। सीजेआई ने कहा कि हम उस देश में रहते हैं, जहां इंटरनेट एक समान नहीं हैं। उन्होंने कहा, %वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग प्लेटफॉर्म्स का इस्तेमाल करने के प्रयासों ने हमें गहरी जानकारी दी है कि तकनीक हमारी न्यायव्यवस्था को बदलने के लिए क्या कर सकती है।

### सोशल मीडिया पर क्या बोले CJI

जस्टिस चंद्रचूड़ ने कहा, कई बार यह आसान नहीं होता कि क्या नीति के अंतर्गत आता है और क्या वैधता के दायरे में आता है।% उन्होंने सोशल मीडिया को सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक बताया है। साथ ही उन्होंने यह भी बताया कि जज सोशल मीडिया के लिए ट्रेन्ड नहीं हैं।

### जजों को दी चुनौतियों से निपटने की सलाह

कार्यक्रम के दौरान सीजेआई ने जजों को चुनौतियों से निपटने के लिए सुझाव भी दिए। उन्होंने कहा, जज की तरफ से की जा रही रियल टाइम रिपोर्टिंग को ट्विटर या टेलीग्राम और इंस्टाग्राम पर डाला जाता है आपका मूल्यांकन चलता रहता है। अगर जज शांत रहता है, तो उसका निर्णय लेने की ताकत पर खतरनाक असर पड़ता है। हमें खुद को बदलने, फिर तैयार करने और फिर यह सोचने की जरूरत है कि हम हमारी उम्र की चुनौतियों में कैसे ढलेंगे।

# पराली जलाने पर होगी कार्यवाही-जिलाधिकारी

लंकीन प्रसाद वर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशों एवं समय-समय पर जारी शासनादेशों के अनुपालन में यह सुनिश्चित किया जाना है कि जनपद में कृषि योग्य भूमि पर फसल अवशेषों एवं धान की पराली को न जलाया जाये। इसके लिये न्याय पंचायतवार नोडल अधिकारियों की तैनाती की गई है, जो अपने दिये गये दायित्वों का निर्वहन करेंगे।उन्होने बताया कि कृषि विभाग द्वारा आयोजित की जा रही किसान पाठशाला एवं अन्य गोष्ठियों के माध्यम से पराली नियंत्रण( फसल अवशेष प्रबन्धन ) हेतु होर्डिग, वाल पेन्टिंग एवं न्याय पंचायतवार गोष्ठी कर कृषकों को जागरूक किया जा रहा है। पराली प्रबन्धन की मॉनीटरिंग हेतु एक सेल का भी गठन किया गया है। तथा ''गौशालाओं में पराली लाओ खाद ले जाओ'' योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।उन्होने बताया कि यदि फसल अवशेष जलाये जाने की घटना प्रकाश में आती है तो मा0 राष्ट्रीय हरित अधिकरण के निर्देशानुसार अर्थदण्ड का प्रावधान भी निर्धारित किया गया है जो 02 एकड तक के लिए 2500 रू0 प्रति घटना, 02 एकड से 05 एकड क्षेत्र के लिए 5000 रू0 प्रति घटना तथा 05 एकड से अधिक क्षेत्र के लिए 15000 रू0 प्रति घटना। फसल अवशेष जलाना अपराध की श्रेणी में है यदि पुनरावृत्ति करने पर •भारतीय दण्ड संहिता( आई0पी0सी0 ) की धारा 188 संज्ञेय, 278 असंज्ञेय, 290 असंज्ञेय एवं 291 संज्ञेय एवं अन्य सुसंगत धाराओं के अन्तर्गत कार्यवाही किया जाना अथवा कारावास का भी प्राविधान है पराली जलने की घटनाओं की निगरानी सैटेलाइट द्वारा भी की जा रही है। जिसकी प्रतिदिन की रिपोर्ट ग्रुप में प्रेषित की जायेगी। यदि घटना नोडल अधिकारी के क्षेत्र की है तो उसे मौके पर देखकर आख्या प्रेषित करना। तथा अर्थदण्ड की स्पष्ट संस्तुति करेंगे।

## पुरस्कार घोषित अंतर्जनपदीय पशु तस्करों को किया गिरफ्तार



विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- पुलिस अधीक्षक एस आनन्द व संजीव कुमार बाजपेई पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व पंकज पंत क्षेत्राधिकारी पुवायां के पर्यवेक्षण में थानाध्यक्ष के नेतृत्व में थाना खुटार पुलिस टीम ने आज शनिवार को गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे नसतुल्ला खां पुत्र महबूब निवासी बरकलीगंज थाना खुटार जिला शाहजहांपुर उम्र 54 वर्ष, नबी अहमद पुत्र साजिद निवासी ग्राम केसरपुर थाना सेहरामऊ उत्तरी उम्र 28 वर्ष को बरकलीगंज मोड़ से गिरफ्तार किया गया दोनो अभियुक्तों की गिरफ्तारी पुलिस अधीक्षक शाहजहांपुर द्वारा 15- 15 हजार रुपए का पुरस्कार घोषित किया गया था गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध थाना खुटार पर नियमानुसार विधिक कार्रवाई कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेजा जा रहा है।

# मायके में रह रही महिला से मारपीट

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- हरदुआगंज। थाना क्षेत्र के जलाली पुलिस चौकी अंतर्गत गांव महमूदपुर जमालपुर में पीड़िता ने सात लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। रूपा देवी पुत्र रामप्रसाद शर्मा निवासी महमूदपुर जमालपुर ने तहरीर में बताया कि वह अपने पति से तलाक हो जाने के कारण वह अपने मायके में पिता के मकान में अकेली रहती है। उसके कोई बच्चा नहीं है। उसने बताया कि उसके गांव के ही मुकेश कुमार व सुरेश कुमार उर्फ सुरेशी पुत्र रामजी लाल, महादेवी पत्नी रामजीलाल से उसे अपनी जान माल का खतरा बना हुआ है। उसके घर में ईंट पत्थर फेंकते हैं। रात जब वह दूध लेकर अपने घर पहुंची तभी ये लोग उसके घर में घुस आये और लात-घूंसों व डंडों से मारने पीटने लगे। शोरगुल पर उनकी पत्नियां भी आ गईं। सब लोग गालियां देने लगे। गांव वालों को आता देखकर सभी लोग धमकी देते हुए भाग गए।

## पनेठी के निकट दर्दनाक हादसा - ट्रैक्टर में लदे लोहे के गाटरों में पीछे से जा घुसा ट्रक ,चालक की मौत

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-संसू अकराबाद- थाना क्षेत्र में नेशनल हाइवे पनेठी ओवरब्रिज के निकट शनिवार की सुबह एक सड़क हादसे में एटा के ट्रक चालक की दर्दनाक मौत हो गई। ट्रक अलीगढ़ की ओर से एटा की ओर जा रहा था। शनिवार सुबह नेशनल हाइवे पर पनेठी ओवरब्रिज के निकट घटना उस बक्त हुई जब एक ट्रैक्टर चालक ट्रैफिक नियमों की सारी धज्जियां उड़ाते हुये अपने पीछे एक लंबे चैस पर बड़े बड़े लोहे के गाटर लादकर जा रहा चालक ट्रैक्टर को रोड पर खड़ा कर चाय पीने के लिए ढाबे पर चला गया। ट्रैक्टर चालक ने पीछे लदे लोहे के गाटरों पर खतरे की सूचक लाल लाइट व कपड़ा भी नहीं लगा रखा था। इसी दौरान अलीगढ़ की ओर से आरहे ट्रक चालक को आसमान में हल्की धुंध के चलते सामने खड़ा ट्रैक्टर नहीं दिखाई दिया।जिसके चलते तेज रफ्तार ट्रक पीछे से लोहे के गाटरों में जा



घुसा।हादसे में ट्रक चालक शैलेश पुत्र अजबसिंह ( 22 ) निवासी गांव बिरामपुर थाना मलावन जनपद एटा की मौके पर ही मौत हो गई। शैलेश अपने छः बहन भाईयों में सबसे छोटा अविवाहित था। हादसे की जानकारी पर कोतवाली प्रभारी निरीक्षक रामवकीलसिंह पनेठी पुलिस चौकी प्रभारी अंशुल शर्मा में फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए। घटना इतनी भयंकर थी कि पुलिस व मौके पर मौजूद लोगों ने किसी तरह ट्रक की केबिन को काटकर चालक शैलेश के शव को बाहर निकालकर पोस्टमार्टम के लिए अलीगढ़ भेजा। पुलिस ने चालक शैलेश के शव का पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सोंप दिया है।

## नगर निगम के चुनावों में चारों तरफ कमल खिलेगा विपक्ष चारों खाने चित गिरेगा-राकेश कुमार सिंह



लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

अलीगढ- भाजपा किसान मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि नगर निगम का चुनाव नगर पंचायत का पार्षद एवं सभासद का चुनाव पूर्ण बहुमत ए भाजपा जीत रही है उन्होंने कहा है कि हर समाज का वोट भाजपा को मिल रहा है अलीगढ़ में ही नहीं पूरे उत्तर प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी नगर निगम का चुनाव पूर्ण बहुमत से जीतेगी भाजपा को जिताने के लिए जनता ने पूरी तरह से मन बना लिया है ठाकुर राकेश कुमार सिंह ने कहा है कि इस चुनाव में कार्यकर्ताओं की मेहनत रंग लाएगी यह चुनाव माननीय नरेंद्र मोदी जी माननीय योगी जी की लोकप्रियता से चुनाव जीता जाएगा प्रत्येक कार्यकर्ता एवं भाजपा के समर्थक पूरी मेहनत के साथ इस चुनाव में जुटे हुए हैं भाजपा बहुत अच्छे बहुमत से नगर निगम का चुनाव जीतेगी और परचम लहर आएगी

# 52 लीटर कच्ची शराब बरामद

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



श्रावस्ती- जिलाधिकारी नेहा प्रकाश के आदेशानुसार जनपद में अवैध मद्य निष्कर्षण एवं अवैध शराब के विरूद्ध कार्यवाही के अन्तर्गत आबकारी निरीक्षक बलराम सिंह, अरविंद कुमार सिंह और थाना सोनवा की सयुक्त टीम द्वारा ग्राम खुरेहरी में दबिश दी गई। दबिश के दौरान 52 लीटर कच्ची शराब बरामद की गई और 200 किलोग्राम लहन मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर एक अभियुक्त को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम के अंतर्गत कार्रवाई की गई।उक्त जानकारी जिला आबकारी अधिकारी पी0के0 गिरी ने दी है।

# दिव्यांगजन विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु करें आवेदन

प्रेमचंद जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-जिलाधिकारी नेहा प्रकाश ने बताया है कि दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग द्वारा दिव्यांगजनों हेतु संचालित शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार योजनान्तर्गत युवक के दिव्यांग होने की दशा में रू0-15000/- व युवती के दिव्यांग होने की दशा में रू0-20000/-तथा युवक-युवती दोनों के दिव्यांग होने की दशा में रू0-35000/- धनराशि प्रदान की जाती है।इस आशय की जानकारी देते हुए जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी चमन सिंह ने बताया है कि इस योजना लाभ लेने हेतु शादी के समय युवक की आयु 21 वर्ष से कम तथा 45 वर्ष से अधिक न हो तथा युवती की उम्र 18 वर्ष से कम एवं 45 वर्ष से अधिक न हो, दम्पत्ति में कोई भी आयकर दाता न हो, मुख्य चिकित्साधिकारी द्वारा प्रदत्त प्रमाण में दिव्यांगता 40 प्रतिशत स्थाई या उससे अधिक होनी चाहिए, ऐसे दिव्यांग दम्पत्ति पात्र होंगे जिनका विवाह गत वित्तीय वर्ष एवं वर्तमान वित्तीय वर्ष में हुआ हो तथा विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र होना आवश्यक है।शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु इच्छुक व्यक्ति ( दम्पत्ति ) जिनका विवाह वर्तमान वर्ष एवं गत् वित्तीय वर्ष में सम्पन्न हुआ है। ऐसे व्यक्ति शादी-विवाह प्रोत्साहन पुरस्कार हेतु विभागीय वेबसाइट http// divyangjan.upsdc.gov.in पर आवेदन कर सकते हैं। ऑनलाइन फार्म भरते समय आवेदक दम्पत्ति को दिव्यांगता प्रदर्शित करने वाला संयुक्त नवीनतम फोटो, विवाह पंजीकरण प्रमाण पत्र, आय, अधिवास व जाति प्रमाण पत्र तहसील द्वारा निर्गत, युवक एवं युवती का आयु प्रमाण पत्र ( जिसमें जन्मतिथि का आंकन हो ), सक्षम अधिकारी से निर्गत दिव्यांगता प्रमाण पत्र, राष्ट्रीयकृत बैंक में संचालित संयुक्त खाता, एवं युवक एवं युवती के आधार कार्ड की छाया प्रति आदि अभिलेखों के साथ आवेदन पत्र ऑनलाइन उपरोक्त वेबसाइट पर करना अनिवार्य है साथ ही ऑनलाइन सबमिट आवेदन पत्र का प्रिंटआउट एवं संलग्न प्रपत्रों की हार्ड कॉपी कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, विकास भवन, श्रावस्ती में कमरा नं0-18 में किसी भी कार्य दिवस में उपलब्ध करायें।

# पुलिस व राजस्व विभाग ने गुणदोष के आधार पर सात का किया निस्तारण

लवकुश ठाकुर
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

श्रावस्ती-अकराबाद - शनिवार को कोतवाली अकराबाद में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया इस दौरान कुल 15 फरियादियों ने अपने-अपने जमीनी विवादों को लेकर समस्याएं रखीं। दिवस में पुलिस क्षेत्राधिकारी बरला अभय कुमार पांडे ने राजस्व विभाग के अधिकारियों के साथ मिलकर गांव गुदमई मिश्रीपुर निवासी रश्मि व कासिमपुर निवासी भूदेव सहित सात प्राप्त शिकायतों का गुण दोष के आधार पर निस्तारण किया है। कोतवाल राम वकील सिंह ने बताया है शेष शिकायतों के



निस्तारण के लिए पुलिस व राजस्व विभाग की टीमें गठित की गई हैं। जो जल्दी ही मौके पर जाकर समस्याओं का निस्तारण करेगीं। समाधान दिवस के दौरान चौकी इंचार्ज पनैठी अंशुल शर्मा, मोहम्मद नदीम,रुणिंत तौमर, र लेखपाल अवधेश शर्मा सहित राजस्व विभाग की टीम मौजूद रही।

# नीति आयोग की नजर में मुरादाबाद की स्वास्थ्य सेवाएं सुधरीं

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -केंद्र सरकार के नीति आयोग ने मुरादाबाद की सरकारी स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार पाया है। नीति आयोग की तरफ से प्रदेश स्तर पर जारी हुई रिपोर्ट के मुताबिक कई स्वास्थ्य सेवाओं के मामले में मुरादाबाद जिले की उपलब्धि उत्तर प्रदेश के औसत से अधिक दर्ज की गई है। गर्भस्थ शिशुओं के पंजीकरण एवं जांच में यूपी की औसत उपलब्धि 69.41 फीसदी, जबकि मुरादाबाद की 81.35 फीसदी दर्ज की गई है। नवजात शिशुओं का वजन मापने में यूपी का औसत 94.28 जबकि मुरादाबाद का 99.72 फीसदी दर्ज किया गया है। नवजात शिशुओं की ब्रेस्ट फीडिंग में यूपी का औसत 91.29 फीसदी, मुरादाबाद का 98.8 फीसदी दर्ज हुआ है। टीबी के मरीजों के इलाज का सक्सेस रेट यूपी में 85.24, जबकि मुरादाबाद जिले में सौ फीसदी दर्ज किया गया है। हालांकि, एनीमिया यानि खून की कमी से पीड़ित गर्भवती महिलाओं के इलाज के मामले में मुरादाबाद की उपलब्धि यूपी के औसत से कम दर्ज की गई है। यूपी में ऐसी 54.72 फीसदी महिलाओं को उपचार मिला है, जबकि मुरादाबाद में केवल 37.38 फीसदी महिलाएं ही उपचारित की गईं हैं। मातृ व शिशु सुरक्षा के क्षेत्र में मुरादाबाद की स्वास्थ्य सेवाएं तेजी के साथ बेहतर हुई हैं। नीति आयोग की रिपोर्ट में इस बात पर मुहर लगी है। टीबी रोगियों के इलाज में मुरादाबाद ने शत प्रतिशत कामयाबी की उपलब्धि हासिल कर ली है। मुरादाबाद का प्रदर्शन कई बिंदुओं में यूपी के औसत से काफी बेहतर एवं उल्लेखनीय दर्ज किया गया है। स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतरी लाने का सिलसिला जारी रहेगा।-रघुवीर सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,





प्री नेटल यानि गर्भस्थ शिशुओं की जांच के मामले में काफी बेहतर उपलब्धि होने के बहुत अच्छे नतीजे सामने आ रहे हैं। गर्भवती महिला की नार्मल डिलीवरी संभव होने या फिर इसमें दिक्कत आने की बात साफ हो जाने से खतरा घट रहा है। पूर्व में हर हालत में नॉर्मल डिलीवरी की ही कोशिशों से कई बार नवजात मौत के मुंह में चले जाते थे। गर्भवती माताओं को सही तकनीक से ब्रेस्ट फीडिंग कराने व शिशु को एनिमिया के खतरे से बचाने के लिए विशेष रूप से प्रशिक्षित किया जा रहा है।

# फर्राटेदार सर्द हवा ने गिराया पारा, प्रदूषण भी घटाया

दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -पश्चिम दिशा से चली तेज हवा ने शनिवार को मुरादाबाद के मौसम पर असर दिखाया। फर्राटेदार सर्द हवाओं की वजह से रात और सुबह के समय ठंड बढ़ गई। तेज हवा चलने से वायु गुणवत्ता सूचकांक में भी काफी सुधार आ गया। पिछले चौबीस घंटे की तुलना में शहर का वायु प्रदूषण काफी घट गया। तीन दिनों से मौसम में जारी बदलाव के सिलसिले में रात के न्यूनतम तापमान में तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट दर्ज की गई। शहर में रात का न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। तीन दिन पहले रात का न्यूनतम तापमान 17 डिग्री सेल्सियस दर्ज हो रहा था। पछुआ हवा चलने से दिन के अधिकतम तापमान में भी दो डिग्री सेल्सियस की गिरावट आ गई। यह शनिवार को 26 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। हवा की रफ्तार तेज होने से वातावरण में मौजूद प्रदूषित कण आसमान की तरफ बढ़ गए। शहर का एक्यूआई काफी सुधरकर 121 पर आ गया। शुक्रवार को यह 205 रिकॉर्ड किया गया था। शनिवार को मुरादाबाद फिर येलो जोन में आ गया। जोकि स्वास्थ्य के लिए ठीकठाक स्थिति है। शुक्रवार को शहर वायु प्रदूषण के ऑरेंज जोन में दर्ज किया गया था। जोकि, स्वास्थ्य के दृष्टिकोण से खराब है।

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्यौरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# हाईवे पर आग का गोला बना कंटेनर ट्रक, लगा जाम

अफाक हुसैन
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

मुरादाबाद -पाकबड़ा थाना क्षेत्र में शनिवार तड़के एक कंटेनर ट्रक हाईवे पर आग का गोला बन गया। चालक और हेल्पर ने कूद कर किसी तरह जान बचाई। सूचना पर पहुंची थाना पुलिस और दमकल विभाग की टीम ने काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ट्रक में आग लगने के कारण हाईवे पर घंटों जाम लगा रहा। एसपी ट्रैफिक खुद मौके पर पहुंचे और पुलिसकर्मियों को निर्देशित करके जाम खुलवाया। शनिवार तड़के करीब चार बजे




मुरादाबाद-दिल्ली हाईवे पर पाकबड़ा के लोधीपुर के पास कंटेनर ट्रक की वायरिंग में आग लग गई। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया। दोनों ट्रक से कूद कर अपनी जान बचाए। आग की सूचना पर मिलते ही पाकबड़ा थाना पुलिस के साथ ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंच गई। करीब एक घंटे की मशक्कत के बाद टीम ने किसी तरह आग पर काबू पाया। लेकिन तब तक ट्रक बुरी तरह जल चुका था। बीच सड़क पर ट्रक में आग लगने के कारण हाईवे पर वाहनों का आवागमन भी थम गया। एसपी ट्रैफिक अशोक कुमार भी सूचना पाकर मौके पर पहुंचे। उन्होंने ट्रक को सड़क से हटवा कर किसी तरह आवागमन सुचारु करवाया। ट्रक चालक शाकिर ने बताया कि वह बाजपुर से सीमेंट लादकर नोएडा जा रहा था। लोधीपुर के पास पहुंचा तभी बोनट के पास से अचानक धुआं उठने लगा।

# गो सेवकों ने घायल गाय का कराया इलाज

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- खुटार पूरनपुर हाइवे पर स्थित मुरादपुर निबिया खेड़ा चौराहा पर घायल अवस्था में घूम रही गाय का इलाज गौ सेवक निश्चय त्रिपाठी ने अपने साथियों के साथ मिलकर कराया गाय का इलाज होने के बाद राहत मिल सकी निश्चय त्रिपाठी ने बताया कि कुछ दिनों से मुरादपुर चौराहा के समीप घायल अवस्था में गाय घूम रही थी देखने पर पता चला कि किसी ने धारदार



हथियार से प्रहार किया है जिससे गाय की यह हालत हुई है गौ सेवकों ने वेक्सीनेटर अभिषेक मिश्रा से घायल गाय का इलाज कराया है गौ सेवकों में निश्चय त्रिपाठी, आदित्य मिश्रा, नीलू, अंकुल मिश्रा आदि मौजूद रहे।

# प्रा 0 विद्यालय में शौचालय निर्माण में धांधली

विपिन कुमार पाण्डेय
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

खुटार शाहजहांपुर- उत्तर प्रदेश योगी सरकार लगातार भ्रष्टाचार मुक्त भारत बना रही है लेकिन ब्लॉक के अधिकारी भ्रष्टाचार करना नहीं छोड़ते हैं ब्लॉक खुटार के ग्राम पंचायत रौतापुर कला में प्रा 0 विद्यालय में शौचालय का निर्माण कराया जा रहा है उसमें पुरानी ईट और उसमें घटिया सामग्री लगाई जा रही है रेत की जगह तालाबों से निकली हुई पीली मिट्टी लगाई जा रही है सचिव व प्रधान की मिलीभगत से लगातार निर्माण स्वरूप है ब्लॉक खुटार के ग्राम रौतापुर कलां में प्रधान द्वारा पिछले महीनों में अमृत सरोवर का निर्माण कराया गया था उसमें पीला ईट लगाई जा रही थी तब ग्रामीणों ने



जिला अधिकारी को पत्र लिखकर काम रुकवाया था और फिर से प्रधान ने अधिकारियों से सांठ गांठ करके कार्य शुरू कर दिया था इसमें सचिव व प्रधान की मिलीभगत के कारण सरकार के द्वारा धनराशि गलत उपयोग की जा रही है ग्रामीणों ने बताया है कि प्राइमरी विद्यालय में जो प्रधान व सचिव की मिलीभगत से शौचालय का निर्माण हो रहा है उसमें पुरानी ईट से निर्माण कार्य कराया जा रहा है और कुछ नई ईट भी प्रधान द्वारा लगाई गई हैं दोम ईट आई है ग्रामीण बबलू मिश्रा शिव शंकर त्रिवेदी व राज्यसभा सांसद के प्रतिनिधि मनीष तिवारी पूर्व प्रधान रौतापुर कला इनके द्वारा बताया गया है कि लगातार डीपीआरओ साहब पत्र लिखकर देने के बाद भी भ्रष्टाचारियों पर कोई कार्यवाही नही हो रही है जिला अधिकारी को भी पत्र लिखा गया था कि हमारे ग्राम पंचायत रौतापुर कला में भ्रष्टाचारी सेक्रेटरी प्रधान की मिलीभगत के द्वारा यह कार्य हो रहा है फिर भी अधिकारियों ने इसकी और कोई अभी तक नहीं दिया ध्यान नही दिया है इस बारे में और अधिक जानकारी लेनी चाही लेकिन ग्राम विकास अधिकारी संजय यादव खुटार द्वारा फोन नही उठाया गया।

इस समाचार पत्र में सभी जन अवैतनिक तथा स्वयंसेवी है समाचार पत्र में लिखे लेख,समाचार अन्य तथ्यों से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है संवाददता ही समाचार या लेख का जिम्मेदार होगा- संपादक

क्यूँ न लिखूँ सच
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक नरेश राज शर्मा द्वारा ए0एच0प्रिंटर्स, ए-11,असालतपुरा, लंगड़े की पुलिया, मुरादाबाद-244001 उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय म.नं. 210 खा सीतापुरी, डबलफाटक जनपद-मुरादाबाद उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित एवं वितरित किया।
संपादक - नरेश राज शर्मा
मो. 9027776991
Title Code : UPBIL05086
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादक हेतु पीआरबी एक्ट के अन्तर्गत उत्तरदायी होंगे तथा इनसे उत्पन्न समस्त विवाद मुरादाबाद न्यायालय के अधीन होंगे।

## संपादकीय Editorial

# Lenient justice


Six criminals involved in the assassination of former Prime Minister Rajiv Gandhi have finally been released after more than thirty years in jail. The exercise of release was going on for a long time, as the atmosphere in Tamil politics was more or less in favor of release. The criminals were also continuously apologizing after serving the sentence for years. The special thing is that these criminals did not let their life in jail deteriorate, but were positively engaged in their development. Rahul Gandhi and Priyanka Gandhi had also met him, expressed their sentiment in favor of an apology. Despite the heinous crime, the compatibility was such that even the Supreme Court ordered the release of six convicts, including Nalini Sriharan and RP Ravichandran, who were serving life sentences. The Government of Tamil Nadu also did not delay on its part. After coming out of jail after getting great relief, Nalini Sriharan said, I know, I am not a terrorist. After this release, the old memories of the people got refreshed. Former Prime Minister Rajiv Gandhi was assassinated on 21 May 1991 during an election meeting at Sriperumbudur in Tamil Nadu. A suicide bomber named Dhanu was used to assassinate former Prime Minister Rajiv Gandhi. 15 people including Rajiv Gandhi were killed in the blast. That incident had made the country cry, but time is such a healer that it heals even the deepest wounds. After the investigation of this attack, seven people were found guilty. In which one Perarivalan was sentenced to death, but in May the Supreme Court ordered his release. After this, the foundation for the release of the rest of the convicts was strengthened. A bench of Justices BR Gavai and BV Nagaratna made it clear that the decision taken in the case of one convicted Perarivalan is applicable to the rest of the convicts as well. Using the power under Article-142 of the Constitution, this decision of the Supreme Court is not only completely legal, but has become a new chapter of liberal judicial system. This decision is also an experiment in a way. Those who have been released on the basis of good conduct will have to keep their conduct in line with Indian law and order. It is the magnanimity of the Indian system that even the culprits involved in the most heinous crime have been set free. People in other countries will also pay attention to this decision taken in India. Usually, where such heinous crimes are committed, the culprits are not allowed to come out of jail for life. However, it must also be noted that the Tamil terrorist organization LTTE has also been uprooted from its land. If LTTE had remained active today, this release might not have been possible in India. LTTE is not shedding the blood of innocent people, so sympathy for Nalini etc. has found place. However, the courts have to be careful that this decision remains an exception and does not become a precedent. While releasing any ex-convict from jail, it is necessary to come with an assurance that the crime will not be repeated again and will not create trouble for the society. Justice should be done with generosity, but generosity should never be misused.

# Bold pictures of Bhumi Pednekar in black dress won hearts, fans lost their hearts



Bollywood actress Bhumi Pednekar arrived in a black outfit at an award show in Mumbai. Bhumi Bala was looking beautiful wearing golden bangles in one hand and golden ear rings in her ears. She wore baby pink lipstick and kept her hair open with this high slit dress. Seeing this style of Bhumi Pednekar, everyone was stunned. Fans go crazy over Bhoom's look-Bhumi Pednekar has also shared these pictures on her social media account. While sharing these photos on Instagram, the actress wrote – Very comfortably standing with my winning speech. Fans liked this killer look of Bhumi, as well as celebrities have also praised her look a lot. Bhumi has done many different roles - Riya Kapoor, Tahira Kashyap, Patralekha and all the stars have praised this look of Bhumi Pednekar. Let us tell you that the graph of Bhumi Pednekar's career has gone up very fast. Bhumi has done all kinds of characters in her career so far. Where she has worked with Ayushmann Khurrana in the film 'Dum Laga Ke Haisha', she has also played the role of a dark girl in the film 'Bala'.

## Shweta Bachchan's pain spilled in front of mother Jaya Bachchan, said- My own children make fun of my menopause



Amitabh Bachchan and Jaya Bachchan's daughter Shweta Bachchan recently talked about the taboo topic like menopause. He said that how women in India neither talk about it nor do they know much. In the latest episode of daughter Navya Naveli Nanda's podcast 'What the Hell Navya', she was joined by Jaya Bachchan as always. Kids make fun of Shweta Bachchan - 'Biology: Balanced' Talking on 'Butt Biased', the three lady bosses of the Bachchan family were discussing how middle aged women are neglected in their own homes. Expressing anger over this, Shweta also said that she herself is going through menopause, but her children joke about it. Shweta, who became emotional on menopause, told Navya that though she and her brother Agastya are able to cope with her mood swings. Let's joke about it but all this is not funny at all. My own kids tell me that if I'm in a bad mood, and I yell at them, they'll say, 'Oh mom, menopause today.' You both make fun of me but have you ever thought how wrong this is, how would I feel. Middle Age Crisis - Shweta said that menopause is very bad. Where nothing is in your control. Your hair starts falling, body temperature goes up and down. You start losing weight, mood swings happen. Many women lose a lot of confidence. But in India people do not take it serially. You can only give support to a woman at this time. But people leave it at this time and they think what is the need of it now.

# पुलिस आई0पी0सी0की धारा-166ए का जुम्मेदारी पूर्वक पालन करे:-पंकज कुमार एडवोकेट



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कलेक्ट्रेट बार एशोसिएशन एटा के सभागार में कलेक्ट्रेट बार एशोसिएशन के तत्वावधान में निर्भयाकांड एवं पॉक्सो एक्ट के 10 वर्ष पूर्ण होने की सांध्य पर कार्यक्रम ""हम एटा के लोग, कब थमेगी शिशकियां, तथा सरकारी "मिशन शक्ति"बनाम लैंगिक हमले और व्यवस्था, समीक्षा एवं जन जागरूकता विधिक गोष्ठी का आयोजन हुआ।कार्यक्रम के संयोजक/संचालक पंकज कुमार एडवोकेट व सह संयोजक देवेन्द्र कुमार लोधी एडवोकेट रहे।कार्यक्रम की अध्यक्षता कलेक्ट्रेट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा एडवोकेट ने की।मंचासीन अतिथियों में बार के अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा एड0,महासचिव रोहित पुंडीर एड0,एल्डर कमेटी के चेयरमैनज् आदि का म मूगों की माला पहनाकर व ज्योतिष की किताब भेंट कर स्वागत किया। इस अवसर पर सर्वप्रथम वरिष्ठ अधिवक्ता ,सम्मानित सदस्य कलेक्ट्रेट बार एशो0एटा के समक्ष 'बलात्कार ' जैसे गृहणित अपराध को रोकने हेतु बने दण्डविधि संसोधन अधिनियम-2013 एवं पॉक्सो एक्ट-2012 के विधिक क्रियान्वयन हेतु तीन प्रस्ताव देवेन्द्र कुमार एडवोकेट ने रखे, जिन्हें ध्वनिमत से पारित किया गया। इसी के साथ वरिष्ठ अधिवक्ता पंकज कुमार ने पूरे कार्यक्रम पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हम आजादी का अमृत महोत्सव मनाने के तुरन्त बाद देश में बढ़ते लैंगिक हमलों को देखते हुए निर्भयाकांड से सर्मशार भारत सरकार ने ऐसी घटनाओं को रोकने हेतु पॉस्को एक्ट 14 नवम्बर 2012 देश में लागू किया गया।लेकिन इतने कड़े कानून के होते हुए भी घटनाओं पर विराम न लगना, इससेस्पस्ट होता है कि सरकार व प्रशासन समय समय पर इसकी समीक्षा करने में और इस एक्ट के विषय को जन-जागरूकता व ग्रामीण स्तर तक प्रचारित एवं प्रसारित करने में कही तो कमी कर रहे है।ये चिन्तनीय विषय है।इससे स्पस्ट होता है निश्चित ही पुलिस आई0पी0सी0की धारा-166( ए )का जुम्मेदारीपूर्वक पालन नही कर रही है।लैंगिक हमलो के प्रकरणों पर पुलिस विवेचकों को ईमानदारी पूर्वक काम करते हुए अपने फर्ज एवं कानून का पालन करना चाहिए, जिससे लैंगिक हमले रुक सके। अधिवक्ता दिनेश कुमार यादव ने कहा कि आज हम निर्भया कांड/पॉक्सो एक्ट के पूर्ण होने पर काफी चिंतित हैं लगातार बढ़ते लैंगिक हमले इस बात की गवाही दे रहे है कि सरकार तो मिशन शक्ति कार्यक्रम के माध्यम से लगातार जन जागरूकता कर रही है लेकिन प्रशासन कही न कही ठीक से अपने कर्तव्यो का निर्वहन नही कर पा रहा है इस पर जुडिशियल हस्तक्षेप की जरूरत महसूस हो रही है क्योंकि लोकसेवक अपना काम ठीक से नही कर रहे है इसलिए लैंगिक अपराधों को रोकने में लोकसेवक की भूमिका संदिग्धता प्रतीत हो रही है।वरिष्ठ अधिवक्ता लोकेंद्र सिंह ने कहा कि निर्भया कांड जैसी घटनाएं दुःख देती है ऐसी घटनाओं का सरकार और प्रशासन को समय समय पर समीक्षा होनी चाहिए। सुभाष चंद शर्मा ने कहा कि पोस्को एक्ट कानून का ठीक से पालन होना चाहिए, पीड़ित को न्याय मिलना चाहिए और दोषी को सजा मिलनी चाहिए।अधिवक्ता राजीव यादव ने कहा कि विवेचक ईमानदारी से विवेचना करें तो पीड़ित को न्याय जरूर मिल सकता है। अन्त में कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वरिष्ठ अधिवक्ता रामसिंह यादव ने कहा कि न्याय हित एवं जनहित में विधि की सर्वोच्चता बनाये रखने हेतु विधिक संस्था कलेक्टेट बार एशोसिएशन के सम्मानित सदस्य व जुडिशियल तथा प्रशासनिक एवं मीडिया चारो को मिलकर ईमानदारी के साथ काम करना होगा, तभी हम निर्भयाकांड जैसी देश को शर्मसार करने बाली घटनाओं को रोक सकते हैं।कार्यक्रम के सह संयोजक देवेन्द्र कुमार लोधी एडवो0ने समस्त सम्मानित अधिवक्ताओं का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में उपस्थित अधिवक्ताओं में बार के अध्यक्ष रामनरेश मिश्रा, महासचिव रोहित पुंडीर, पूर्व अध्यक्ष सतेंद्र सिंह, पूर्व महासचिव राकेश यादव, राजेन्द्र सिंह यादव, रामसिंह, कालीचरन रमेश बाबू, रूपराम वर्मा, शीलेन्द्र कुमार, कृष्ण पाल सिंह, अनुज कुमार, नईम खान, रविकांत मिश्रा, पूर्व महासचिव संजय उपाध्याय,प्रमोद कुमार, हरवेंद्र , जगदीश , दिनेश , गंगा प्रसाद, अविता, मनमोहन धर्मेन्द्र शाक्य, अंसुल , अजीत सिंह, दीपक पाठक, हरदेश उपाध्याय, विष्णु कांत, सेकड़ोआदि अधिवक्ता मौजूद रहे।

# ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल एटा में आज यस योग सेवा समिति द्वारा स्कूल के बच्चों को व स्टाफ को योग प्राणायाम कराया



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा।ज्ञानदीप पब्लिक स्कूल एटा में आज यस योग सेवा समिति द्वारा स्कूल के बच्चों को व स्टाफ को योग प्राणायाम कराया बच्चों की लंबाई बढ़ाने के लिए ताड़ासन, बुद्धि बढ़ाने के लिए उद्गीथ प्राणायाम के साथ-साथ कपालभाति अनुलोम विलोम कराएं तथा वजन कम करने के लिए मोटापा कम करने के लिए बच्चों की याददाश्त क्षमता बढ़ाने के लिए अन्य कई योग प्राणायाम कराएं/ शिविर में यश योग सेवा समिति की महिला प्रभारी आशु वार्ष्णेय तथा स्कूल की मैनेजर नीलम गुप्ता व प्रधानाचार्य विमल कौशल, उप प्रधानाचार्य जितेंद्र चौहान के अलावा शिक्षक शिक्षिकाएं मोहित गुप्ता, विष्णु तिवारी ,वंशिका, वर्षा ,मुस्कान ,श्वेता वासने, नंदिनी गुप्ता ,प्रियंका पाल, अजहरुद्दीन इत्यादि स्टाफ उपस्थित रहा । अंत में योग शिक्षक यशवीर सिंह चौहान ने बच्चों को योग प्राणायाम के फायदे एवं करने की विधि बता कर योग का समापन किया ।

# झगड़े के मामले में दो सिपाही किए सस्पेंड

योगेश मुदगल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-कासगंज। शहर में विगत रोज मोहल्ला पीरछल्ला में झगड़े के दौरान युवक को गोली मारने की घटना के मामले में लापरवाही बरतने पर दो कांस्टेबलों पर गाज गिरी है। पुलिस अधीक्षक बीबीजीटीएस मूर्ति ने तत्काल प्रभाव से दोनों कांस्टेबलों को सस्पेंड कर दिया है। सीओ सिटी से जांच रिपोर्ट मिलने के बाद एसपी ने कार्यवाही की है। इस कार्यवाही से कोतवाली में हड़कंप मच गया। बता दें कि, पीरछल्ला मीट मार्केट में बीती रात यह घटना हुई। पुलिस के मुताबिक मीट मार्केट में अजीम पुत्र भूरा व तोहीद पुत्र मुशीर निवासीगण मोहल्ला पीरछल्ला में झगड़ा हो गया। कई राउंड फायरिंग हो गई, जिसमें अजीम गोली लगने से घायल हो गया। घायल अजीम के भाई मोहल्ला पीर छल्ला निवासी आसिफ की ओर से कोतवाली में कराई रिपोर्ट में तोहीद, मुजीब, तोसिफ, सब्बू, शोएब, गुडडू एवं राजा के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है।

# एटा में महज 26 सेकंड में इस बच्ची ने गिनाए यूपी के 75 जिलों के नाम



निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा जनपद के गांव झकरई में क्लास 4 में पढ़ने वाली इस छात्रा आशी पाल ने एक सांस अर्थात महज 26 सेकंड में यूपी के 75 जिलों के नाम गिना डाले। क्लास 4 में पढ़ने वाली छात्रा का नाम आशी पाल पुत्री सोनू पाल है,तहसील अलीगंज क्षेत्र के गांव झकरई निवासी है।आशी पाल ने महज 26 सेकंड में यूपी के 75 जिलों के नाम गिनाने का अनोखा कीर्तिमान स्थापित किया है इस छात्रा को भी एटा जनपद में हर कोई शाबाशी दे रहा है

# पुस्तक मेले को सफल बनाना हम सबका दायित्व -ज्ञानेन्द्र रावत

निशाकांत शर्मा
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

एटा-एटा।पुस्तक मेले को सफल बनाना हम सबका दायित्व -ज्ञानेन्द्र रावतआगामी 17 से 20 नवम्बर तक एटा के सकीट रोड स्थित राजकीय इंटर कालेज के प्रांगण में पूज्य गुरुवर स्व0 बृजपाल सिंह जी यादव की स्मृति में आयोजित पुस्तक मेले में प्रति वर्ष की भांति ही इस वर्ष भी देश के ख्यात नामा प्रकाशक साहित्य, कला, विज्ञान, अभियांत्रिकी, पर्यावरण, संस्कृति, सामान्य ज्ञान, इतिहास, भूगोल, टैक्नालाजी, पाश्चात्य इतिहास, दर्शन, अध्यात्म एवं छात्र-छात्राओं के प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित विषय से जुड़ी पुस्तकों सहित इस मेले में अपनी सहभागिता कर रहे हैं। यह हमारे लिए, छात्र-छात्राओं, शिक्षण संस्थानों और हम सभी जनपद वासियों के लिए गौरव की बात है। इस अवसर का लाभ उठाना और इसे सफल बनाना हम सभी का दायित्व है। यह याद रखिये कि पुस्तकें ही व्यक्ति के जीवन के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका का निर्वहन करती हैं ।इसलिए मेरा सभी से अनुरोध है कि आप पुस्तक मेले में आयें, ज्ञान-विज्ञान के नवीनतम अदभुत साहित्य का अवलोकन करें और नयी पीढ़ी को पुस्तकों के महत्व से अवगत करावें। यही अपने गुरुओं के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी

अन्य खबरों के लिए देखे
WWW.KNLSIVE.COM

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# नशीली टेबलेट व इंजेक्शन के साथ 1 गिरफ्तार, थाना विश्रामपुर पुलिस की कार्यवाही

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू ने नशे के धंधे में लिप्त लोगों के विरूद्ध सख्त कार्यवाही करने के निर्देश थाना प्रभारियों को दिए है। इसी क्रम में शनिवार को थाना विश्रामपुर पुलिस को मुखबीर से सूचना मिली कि मुक्तिपारा अम्बिकापुर निवासी सागर देवांगन नशीली दवाएं लेकर बिक्री करने के लिए केशवनगर आया है और ग्राहक की तलाश कर रहा है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक मधुलिका सिंह व सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु के मार्गदर्शन में शनिवार को थाना विश्रामपुर की पुलिस ने मुखबीर की सूचना पर ग्राम केशवनगर में घेराबंदी कर सागर देवांगन उर्फ पिन्टू पिता जगेश्वर देवांगन उम्र 28 वर्ष निवासी ग्राम खर्रा, थाना ओड़गी, हाल मुकाम मुक्तिपारा अम्बिकापुर को पकड़ा गया जिसके कब्जे से अवैध नशीली दवाई 1500 नग अल्प्राजोलम टेबलेट, 22 नग रेक्सोजेसिक इंजेक्शन एवं 7 नग एविल इंजेक्शन जप्त किया गया जिसकी बाजारू कीमत करीब 50 हजार रूपये है। मामले में धारा 21(सी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया। इस कार्यवाही में थाना प्रभारी विश्रामपुर के.डी.बनर्जी, एएसआई शशि शेखर तिवारी, प्रधान आरक्षक विकास सिंह, आरक्षक अकरम मोहम्मद, उमेश राजवाड़े, वाहिद हुसैन, मुकेश साहू, अपील चौधरी व अजय प्रताप राव सक्रिय रहे।

# प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन होगा



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-जिला हॉस्पिटल में हुआ नि:शुल्क हृदय रोग जांच एवं परामर्श सेवा का आयोजन कलेक्टर सुश्री इफ्फत आरा एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह एवं सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधिक्षक डॉ. आर.के. त्रिपाठी के मार्गदर्शन में 12 नवंबर 2022 को हृदय रोग जांच एवं परामर्श ओपीडी सेवाओं का आयोजन जिला चिकित्सालय सूरजपुर में रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर के हृदय रोग विशेषज्ञ डॉ. जावेद परवेज द्वारा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक किया गया तथा इनके द्वारा 16 मरीजों का हृदय से संबंधित रोगों का जांच एवं परामर्श दिया गया
इनमे से 10 मरीज हृदय रोग से संबंधित पाए गये उक्त मरीजो को उचित जाँच की सलाह दी गई रिपोर्ट आने के पश्चात उनका नि:शुल्क इलाज आयुष्मान कार्ड के माध्यम से रामकृष्ण केयर अस्पताल रायपुर में की जावेगी। एनसीडी जिला नोडल अधिकारी डॉ. दीपक जायसवाल के द्वारा बताया गया कि जिला चिकित्सालय सूरजपुर के ओपीडी कक्ष क्रमांक 05 में प्रत्येक माह के दूसरे शनिवार को हृदय रोग विशेषज्ञ द्वारा नि:शुल्क परामर्श शिविर का आयोजन किया जायेगा। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आरएस सिंह ने बताया कि भविष्य में भी इस तरह की नि:शुल्क कैंपों का भी आयोजन किया जाता रहेगा ताकि लोगों को ज्यादा से ज्यादा स्वास्थ्य सुविधाओं का लाभ मिल सके तथा अनियंत्रित उच्च रक्तचाप एवं हृदय रोग से संबंधित समस्त मरीज इस सुविधा का लाभ ले सकते है।

# रात में शहर कितना सुरक्षित, देखने निकले पुलिस अधीक्षक सरजपुर श्री रामकृष्ण साहू

रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच



सूरजपुर- सजगता से रात्रि गश्त करते मिले पुलिस के अधिकारी व जवान। चेक रोल कॉल में अधिकतर पुलिस कर्मी मिले मौजूद, विलम्ब से आने वाले जवानों को दिया सख्त हिदायत। रात में सूरजपुर कितना सुरक्षित है, गश्त की क्या स्थिति है, यह देखने के लिए जिले के पुलिस अधीक्षक श्री रामकृष्ण साहू रात्रि गश्त देखने निकल पड़े। उन्होंने शहर के संवेदनशील इलाकों का निरीक्षण करते हुए सूरजपुर से लगे अन्तरजिला बार्डर का दौरा भी किया। रात्रि गश्त में तैनात सुरक्षा कर्मियों से मुलाकात कर उनसे चर्चा की। गश्त के फिक्स प्वाइंट पर जाकर जवानों की सजगता को देखा। पुलिस अधीक्षक रात्रि सुरक्षा व्यवस्था का निरीक्षण करने निकले थे इस दौरान एसडीओपी सूरजपुर प्रकाश सोनी भी मौजूद रहे। पुलिस अधीक्षक ने थाना सूरजपुर क्षेत्र के सभी गश्त प्वाईन्टों को चेक कर तैनात अधिकारी व जवानों को सुरक्षा संबंधी निर्देश दिए। उपस्थित पुलिस बल को उन्होंने ब्रीफ करते हुए कहा कि रात्रि गश्त एक महत्वपूर्ण सुरक्षा ड्यूटी है, आम जनता में सुरक्षा का एहसास हो इसलिए पुलिस गश्त प्वाइंट व अपने बीट पर सजगता सतर्कता एवं पूर्ण सावधानी से लगातार गश्त करते हुए निगरानी रखने को कहा ताकि अपराधों पर अंकुश लगाई जा सके और गांव-शहर की सुरक्षा व्यवस्था बनी रहे। रात्रि के वक्त ज्यादा सतर्क रहने, किसी प्रकार की घटना-दुर्घटना पर पुलिस की घटना स्थल पर फौरन मौजूदगी के निर्देश दिए। चेक रोल कॉल में अधिकतर पुलिस कर्मी मिले मौजूद, विलम्ब से आने वाले जवानों को दिया सख्त हिदायत- सूरजपुर में गश्त चेक करने के बाद पुलिस अधीक्षक जयनगर थाने पहुंचे और जवानों की सजगता को परखने चेक रॉल कॉल बजवाया जिसके कुछ देर बाद ही पुलिस के अधिकतर जवान थाने पहुंचे, विलम्ब से पहुंचने वाले जवानों को कड़ी हिदायत के साथ ही इस प्रकार की पुर्नरावृत्ति न करने की सख्त निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस अधिकारियों को कहा कि रात्रि के वक्त जब कोई व्यक्ति थाना आता है तो निश्चित ही वह किसी परेशानी अथवा समस्या में होता है, उस व्यक्ति से उसकी समस्या को गंभीरतापूर्वक सुनते हुए उसे आश्वस्त करें कि उसके समस्या का समाधान किया जायेगा और विधि के अनुसार फौरन एक्शन लेते हुए समस्या का निराकरण करें। गश्त चेक दौरान पहुंचे सीएसपी जे.पी.भारतेन्दु से गश्त में लगे जवानों के बारे में फिडबेक लिया। विश्रामपुर क्षेत्र में रात्रि गश्त टीम सजग और मुस्तैद पाए जाने पर प्रसन्नता व्यक्त किया।

ऑफर
आप यहाँ अपना विज्ञापन लगवाये बहुत ही कम प्राइस में संपर्क करे-
9027776991

दैनिक अखबार क्यूँ न लिखूँ सच को जिला एवं तहसील स्तर पर ब्योरो संवाददाता व विज्ञापन प्रतिनिधि चाहिए
9027776991
knlslive@gmail.com

# 7सदस्यी हाथियों के दल में से एक हाथी हुआ बेसुध



रामचंद्र जायसवाल
दैनिक क्यूँ न लिखूँ सच

सूरजपुर-सूरजपुर- जिले के दूरस्थ क्षेत्र रसौकी के पास तीन दिनों से विराजे 7 हाथियों के दल में से एक हाथी बेहोश हो गया है जिसकी जानकारी ग्रामीणों में विभाग को दिये गए है लेकिन अभी तक उद्यान अमला नहीं पंहुच सका है. प्राप्त जानकारी के अनुसार 7 हाथियों का दल गुरु घासीदास राष्ट्रिय उद्यान परिक्षेत्र महुली के रसौकी गाव में 7 हाथी 3 दिनों से डटा हुआ था आज 3 बजे बरंगा नदी के पास एक हाथी बेहोश मिले जाने पर ग्रामीणों ने जानकारी उद्यान कर्मियों को दी. लेकिन अभी तक उद्यान अमला नहीं पंहुच सका है न ही हाथी क्यों और कैसे बेहोश हुए इसकी जानकारी हो सकी है. गुरु घासीदास राष्ट्रिय उद्यान के डीफओ ने बताया कि एक हाथी के बेहोश होने की सुचना मिली है और तत्काल मौके के लिए रवाना हो गए है गौरतलब है की 3 दिनों से 7 हाथियों का दल रसौकी में है और कई ग्रामीणों की फसल को चट कर बर्बाद कर दिए है. आज उसमे से एक हाथी बेहोश हो गया. एक साल पहले इसी महीने में 7 हाथी एक साथ बेहोश हुए थे जिले में कई हाथियों सहित मानव की जान जा चुकी है.पिछले वर्ष इसी महीने में ओडगी ब्लाक के खैरा गांव के समीप 6 से 7 हाथी बेसुध गिरे पडे हुये है गिरे हुये हाथी ना तो खडे हो पा रहे है ना ही चल पा रहे है डाक्टरों सहित विभाग की टीम ने हाथियों का उपचार किया था लेकिन आज तक यह ज्ञात नहीं हो सका की यह हाथी कैसे और क्यों बेहोश हुए थे।